# खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण),
## पावर हाउस रोड, मैनपुरी

Email ID- upjnrmainpuri@upjn.co.in


पत्र सं0– 1900 / जल जीवन मिशन / 357 दि0 4-6-2026

सेवा में,

मुख्य अभियंता (ग्रामीण),
उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण),
लखनऊ।

विषयः– दैनिक भास्कर के ऑनलाइन पोर्टल **bhaskar.com** पर दिनांक 03.06.2026 को प्रकाशित "जल जीवन मिशन मे चोरों ने लाखों के उपकरण किए पार, पुलिस सुस्ती से जलापूर्ति ठप" शीर्षक खबर के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपरोक्त विषयक सादर अवगत कराना है कि केन्द्र व प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी योजना जल जीवन मिशन 'हर घर जल' के फेज–2 के अन्तर्गत निर्माणाधीन नवीगंज तथा मल्लामई ग्राम पेयजल योजना के निर्माण कार्यो की प्रगति आख्या निम्नवत है–

**1. नवीगंज ग्राम पेयजल योजना :–**

योजनान्तर्गत नवीगंज ग्राम पेयजल योजना (स्वीकृत लागत 387.75 लाख) में 01 ग्राम पंचायत– नवीगंज सम्मलित है। जिसके अन्तर्गत ग्रामीणों को शुद्ध पेयजल आपूर्ति हेतु 01 नग अवर जलाशय, 02 नग नलकूप, 02 नग पम्प हाउस, 01 नग बाउण्ड्री वाल एवं वितरण प्रणाली 10.81 किमी0 एवं 976 नग एफ0एच0टी0सी0 प्रस्तावित है।

जिसके सापेक्ष वर्तमान तक 02 नग नलकूप, 01 नग बाउण्ड्री वाल, एवं 02 नग पम्प हाउस का कार्य पूर्ण है एवं 01 नग अवर जलाशय का निर्माण कार्य प्रगति पर है वितरण प्रणाली 10.00 किमी0 बिछायी जा चुकी है एवं 340 घरों को पेयजल गृह संयोजन प्रदान किये जा चुके है तथा शेष कार्य प्रगति पर है। योजना पर भौतिक प्रगति 68.4 प्रतिशत के सापेक्ष वर्तमान तक वित्तीय प्रगति 61.41 प्रतिशत है।

योजना पर 37 सोलर अधिष्ठान का कार्य मै0 एन0सी0सी0 लि0 के द्वारा कराया गया। 10 नग सोलर पैनल दिनांक 02.06.2026 को कुछ अज्ञात लोगों के द्वारा चोरी कर लिया गया है। जिसकी FIR मै0एन0सी0सी0 लि0 द्वारा अज्ञात लोगों के विरूद्व दर्ज कराई गई है। मुख्य उपकरणो के गायब एवं प्लेट चोरी होने से पेयजल योजना पर जलापूर्ति वर्तमान में बाधित है। साथ ही एन0सी0सी0 लि0 को भी निर्देशित किया गया है कि उक्त योजना पर तत्काल प्रभाव से चोरी किये गये सोलर पैनल की जगह पर नई सोलर पैनल लगाते हुए जलापूर्ति प्रारम्भ करायें। जिससे ग्रामवासियों को शुद्व पेयजल उपलब्ध कराया जना सम्भव हो सकें।

**2. मल्लामई ग्राम पेयजल योजना :–**

योजनान्तर्गत मल्लामई ग्राम पेयजल योजना (स्वीकृत लागत 460.90 लाख) में 01 ग्राम पंचायत– मल्लामई सम्मलित है। जिसके अन्तर्गत ग्रामीणों को शुद्ध पेयजल आपूर्ति हेतु 1 नग अवर जलाशय, 2 नग नलकूप, 2 नग पम्प हाउस, 1 नग बाउण्ड्री वाल एवं वितरण प्रणाली 22.82 किमी0 एवं 970 नग एफ0एच0टी0सी0 प्रस्तावित है।

जिसके सापेक्ष वर्तमान तक 2 नग नलकूप, 1 नग बाउण्ड्री वाल, एवं 1 नग पम्प हाउस, 01 अवर जलाशय का कार्य पूर्ण है एवं 1 नग पम्प हाउस का निर्माण कार्य प्रगति पर है वितरण प्रणाली 17.00 किमी0 बिछायी जा चुकी है एवं 650 घरों को पेयजल गृह संयोजन प्रदान किये जा चुके है तथा शेष कार्य प्रगति पर है। योजना पर भौतिक प्रगति 76.08 प्रतिशत के सापेक्ष वर्तमान तक वित्तीय प्रगति 56.60 प्रतिशत है।

योजना पर 12 सोलर अधिष्ठान का कार्य मै0 एन0सी0सी0 लि0 के द्वारा कराया गया। 10 नग सोलर पैनल दिनांक 29.05.2026 को कुछ अज्ञात लोगों के द्वारा चोरी कर लिया गया है। जिसकी FIR मै0एन0सी0सी0 लि0 द्वारा अज्ञात लोगों के विरूद्व दर्ज कराई गई है। मुख्य उपकरणो के गायब एवं प्लेट टूटने से पेयजल योजना पर जलापूर्ति वर्तमान में बाधित है। साथ ही एन0सी0सी0 लि0 को भी निर्देशित किया गया है कि उक्त योजना पर



Scanned with OKEN Scanner

तत्काल प्रभाव से चोरी किये गये सोलर पैनल की जगह पर नई सोलर पैनल लगाते हुए जलापूर्ति प्रारम्भ करायें। जिससे ग्रामवासियों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराया जना सम्भव हो सकें।

संलग्नक– उपरोक्तानुसार।


भवदीय

अधिशासी अभियंता

प्रतिलिपिः–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।


1. जिलाधिकारी महोदय, मैनपुरी।
2. मुख्य अभियंता (आ0क्षे0), उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), आगरा।
3. मुख्य विकास अधिकारी, मैनपुरी।
4. अधीक्षण अभियंता, मण्डल कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), आगरा।
5. श्री सूरजभान सिंह, सहायक अभियंता को आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
6. संयुक्त महाप्रबन्धक मै0 एन0सी0सी0 लि0 को आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

अधिशासी अभियंता






Scanned with OKEN Scanner




दैनिक भास्कर

हुआ। यहां एनसीसी लिमिटेड कंपनी द्वारा पानी की टंकी का निर्माण कराया जा रहा है। अज्ञात चोरों ने सुरक्षा में सेंध लगाकर 19 सोलर प्लेटें चुरा लीं और 8 प्लेटों को क्षतिग्रस्त कर दिया।

चोर कीमती केबल और जनरेटर का डायनेमो यंत्र भी उखाड़ ले गए। टंकी के चौकीदार सनोज कुमार ने बेवर थाने में तुरंत तहरीर दी थी।

### पुलिस ने नहीं की कोई ठोस कार्रवाई

लालापुर की घटना के बाद पुलिस ने कोई ठोस कार्रवाई नहीं की, जिससे चोरों के हौसले और बढ़ गए। इसी ढिलाई का फायदा उठाकर चोरों ने सोमवार रात नवीगंज स्थित खेल मैदान के पास बनी ओवरहेड टंकी को निशाना बनाया।

### चोरों के हौसले बुलंद

यहां से चोरों ने 10 सोलर प्लेटें और सबमर्सिबल की केबल चुरा लीं। यह वारदात चौकीदार संजीव राठौर के आवश्यक कार्य से बाहर जाने के दौरान हुई। ग्रामीणों ने बताया कि [illegible] पहले भी इसी टंकी से केबल चोरी हुई

ऐप खोलें

दैनिक भास्कर



चोरों ने लाखों के उपकरण किए पार।

मैनपुरी के बेवर क्षेत्र में 'जल जीवन मिशन' के तहत चल रही परियोजनाओं पर चोरों का साया मंडरा रहा है। पुलिस की सुस्ती के चलते चोरों के हौसले बुलंद हैं, जिसके परिणामस्वरूप एक हफ्ते के भीतर दो बड़ी चोरियों को अंजाम दिया गया है। इन वारदातों में लाखों रुपये के उपकरण चोरी हो गए हैं, जिससे लालापुर और नवीगंज क्षेत्रों में पेयजल आपूर्ति पूरी तरह ठप हो गई है।

### लाखों रुपए के उपकरण चोरी

चोरी का सिलसिला 28 मई को ग्राम लालापुर से शुरू हुआ। यहां एनसीस[illegible] द्वारा पानी की टंकी का निर्माण [illegible] अज्ञात चोरों ने

ऐप खोलें



Scanned with OKEN Scanner

केबल चुरा लीं। यह वारदात चौकीदार संजीव राठौर के आवश्यक कार्य से बाहर जाने के दौरान हुई। ग्रामीणों ने बताया कि छह महीने पहले भी इसी टंकी से केबल चोरी हुई थी।

### CCTV कैमरों को खंगाल रही पुलिस

एक हफ्ते के भीतर दो बड़ी चोरियां होने और पुरानी घटनाओं का खुलासा न होने से ग्रामीणों में भारी आक्रोश है। नवीगंज में चोरी के बाद आसपास के इलाकों की जलापूर्ति पूरी तरह बाधित हो गई है।


अब जाकर सक्रिय हुई पुलिस के चौकी प्रभारी राजकुमार गौतम ने बताया कि घटनास्थल का निरीक्षण कर सीसीटीवी कैमरों को खंगाला जा रहा है और जल्द ही चोरों को गिरफ्तार किया जाएगा।

19 साल पुराने मामले में अधिशासी अभियंता का वेतन रुका : **मैनपुरी में उपभोक्ता आयोग ने 80 हजार के भुगतान में देरी पर**



ऐप खोलें

## जल जीवन मिशन के सोलर पैनल से 10 प्लेटें चोरी






Letter- 50431 (B)

Scanned with OKEN Scanner